# GOVERNMENT COLLEGE KARSOG

# N.S.S. UNIT KARSOG

NATIONAL SERVICE SCHEME

# SPECIAL SEVEN DAY CAMP

{2024-2025}

04-03-2025 to 10-03-2025

Not me but you

Programme Officers
Prof. Sonia Chaudhary
Dr. Virender Thakur

# Day #1

दिनांक 04 मार्च , 2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह पटियाल ने ध्वजारोहण, दीप प्रज्ज्वलन, व प्रेरक वक्तव्यों से मार्गदर्शन किया। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। दिन का समापन समूह गठन, ड्रिल और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ।












# Day #2

05 मार्च , 2025 को एनएसएस शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत प्रभात फेरी, योग सत्र और विचार सत्र से हुई। स्वयंसेवियों ने सानना गांव में सफाई अभियान चलाया, कूड़ा एकत्र किया और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। दोपहर में प्रो. रुचि नारंग ने मार्गदर्शन किया। शाम को ड्रिल, चाय और पैनल डिस्कशन के बाद सांस्कृतिक संध्या आयोजित हुई, जिसमें ग्रुप ममलेश्वर महादेव ने प्रस्तुति दी। मंच संचालन स्वयंसेवी रितेश मेहता ने किया। पूरे दिन की गतिविधियों ने शिविर को सफल और प्रभावशाली बनाया। दिन का समापन उत्साहपूर्ण तरीके से हुआ।
















# Day #3









6 मार्च 2025 को एनएसएस शिविर के तीसरे दिन का आरंभ प्रभात फेरी, योग और विचार सत्र के साथ हुआ। स्वयंसेवियों ने गोद लिए गांव सानना में श्रमदान किया और सड़क सुरक्षा रैली में हिस्सा लिया। बौद्धिक सत्र में एएसआई राजेंद्र कुमार व सिटी पवन कुमार ने प्रेरक विचार साझा किए। शाम को ड्रिल और चाय के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियां हुईं। रात्रि भोज के बाद ग्रुप कामाख्या ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसे स्वयंसेवी राजेंद्र शर्मा ने संचालित किया। दिन का समापन उत्साह और सहयोगपूर्ण गतिविधियों के साथ हुआ, जिसने शिविर को यादगार बना दिया










# Day #4

7 मार्च 2025 को एनएसएस शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रभातफेरी और योग सत्र से हुई। प्रभातफेरी कॉलेज परिसर से ममलेश्वर महादेव मंदिर तक हुई। योग सत्र के बाद अल्पाहार और महाविद्यालय परिसर की सफाई का आयोजन किया गया। कुछ स्वयंसेवी सानना गांव गए और श्रमदान कर लोगों की मदद की। महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ जिसमें कई स्वयंसेवियों ने भाग लिया। बौद्धिक सत्र में पैनल चर्चा हुई जिसमें तीन विषयों पर चर्चा की गई। शाम के सत्र में ड्रिल और चाय के बाद सांस्कृतिक संध्या आयोजित हुई, जिसमें ग्रुप खुडीजल ने प्रस्तुति दी। मंच संचालन साक्षी और कुसुम ने किया। दिन सेवा, उत्साह और सांस्कृतिक भावना से परिपूर्ण रहा।













# Day #5

8 मार्च 2025 को एनएसएस शिविर के पांचवे दिन की शुरुआत प्रभातफेरी और योग सत्र से हुई। प्रार्थना सभा, सुविचार और नाश्ते के बाद ड्रिल और फील्ड वर्क हुआ। स्वयंसेवियों ने सानना गांव और सिविल अस्पताल करसोग में सेवाएं दीं। दोपहर में महिला दिवस मनाया गया, जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. जे. एस. पटियाल मुख्य अतिथि रहे। शाम को ड्रिल और रात्रि भोज के बाद सांस्कृतिक संध्या हुई, जिसमें महिला सशक्तिकरण थीम पर कार्यक्रम और मॉडलिंग प्रस्तुति हुई। स्वयंसेविकाओं का जन्मदिन भी मनाया गया। दिन का समापन सेवा, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ हुआ।


















# Day #6

9 मार्च 2025 को एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरुआत प्रभातफेरी और योग सत्र से हुई। प्रार्थना सभा, सुविचार और नाश्ते के बाद ड्रिल और कॉलेज परिसर की सफाई का आयोजन किया गया। दोपहर में खेल गतिविधियां जैसे बैडमिंटन हुईं, जिसमें स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रात्रि भोज के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें प्रोफेसर पंकज गुप्ता और डॉ. प्रेम प्रकाश मुख्य अतिथि रहे। दिन सेवा, खेल और सांस्कृतिक भावना से परिपूर्ण था। छठे दिन का समापन सफल और उत्साहपूर्ण तरीके से हुआ।












# Day #7











राजकीय महाविद्यालय करसोग में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन सोमवार को हुआ। प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह पटियाल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। एनएसएस लक्ष्य गीत के बाद डॉ. सोनिया चौधरी ने स्वागत प्रस्ताव रखा। इशिता व मिताली ने युगल नृत्य और 1▯ स्वयंसेवियों ने हिमाचली नाटी प्रस्तुत की। डॉ. पटियाल ने एनएसएस को व्यक्तित्व विकास का मंच बताया। खिताव ठाकुर ने सात दिनों की रिपोर्ट साझा की। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।











